**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## कुलपति प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

वर्धा, 21 अगस्त 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने 21 अगस्त 2024 को दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ बैठक की और विश्वविद्यालय की योजनाओं पर चर्चा की। चर्चा में मुख्य रूप से रिद्धपुर (अमरावती) में संचालित विश्वविद्यालय के केंद्र 'सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र' और अन्य परियोजनाएँ सम्मिलित रहीं। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आनंद पाटील और विश्वविद्यालय के रिद्धपुर केंद्र के लिए सहायता प्रदान कर उसे सुव्यवस्थित रूप देने के लिए प्रयासरत राजापेठ-अमरावती स्थित महानुभाव आश्रम के कुलाचार्य मोहन बाबा कारंजेकर भी उपस्थित थे।



प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने केंद्रीय मंत्री को विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की भाषाई अंतरानुशासनिक विशेषता और महत्त्व को उजागर करते हुए बताया कि हिंदी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में हिंदी भाषा और साहित्य के साथ साथ भारतीय भाषाओं के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने विश्वविद्यालय की भाषाई समावेशी दृष्टि की प्रशंसा करते हुए विश्वविद्यालय को समुचित सहयोग का आश्वासन दिया। विश्वविद्यालय को विकास पथ पर अग्रसर करने की दृष्टि से कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने शिक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री सुनील कुमार वर्णवाल और विश्वविद्यालयअनुदान आयोग के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी से भी भेंट की और विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और विश्वविद्यालय के लिए यथाशीघ्र नियमित स्थायी कुलपति नियुक्त कराने हेतु निवेदन किया।

कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने माननीय शिक्षा मंत्री, अतिरिक्त सचिव एवं सचिव, यूजीसी से मिलने के इस अवसर का उपयोग करते हुए विश्वविद्यालय की विभिन्न परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता (निधि) की मांग

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

की, जिससे कि विश्वविद्यालय अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सके और हिंदी की शिक्षा एवं शोध को और अधिक सशक्त बना सके।

माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्वविद्यालय के प्रस्तावों और सुझावों को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें सकारात्मक समर्थन देने का आश्वासन दिया। यह बैठक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। ऐसी आशा की जा रही है कि इससे हिंदी शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में नई उन्नति और समृद्धि आएगी।

---

**कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांनी केंद्रीय शिक्षणमंत्र्यांची घेतली भेट**

वर्धा, 21 ऑगस्ट 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांनी 21 ऑगस्ट 2024 रोजी दिल्ली येथे केंद्रीय शिक्षण मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान यांच्यासोबत बैठक घेतली आणि विश्वविद्यालयाच्या योजनांवर चर्चा केली. या चर्चेत प्रामुख्याने रिद्धपूर (अमरावती) मध्ये संचालित विश्वविद्यालयाचे 'सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा आणि तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र' आणि इतर प्रकल्पांचा समावेश होता. बैठकीत विश्वविद्यालयाचे कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील आणि विश्वविद्यालयाच्या रिद्धपूर केंद्राला सहकार्य करून त्याला सुव्यवस्थित स्वरूप देण्यासाठी प्रयत्नशील असलेल्या राजापेठ-अमरावती येथील महानुभाव आश्रमाचे कुलाचार्य मोहन बाबा कारंजेकर ही उपस्थित होते.

प्रो. कृष्णकुमार सिंह यांनी केंद्रीय मंत्र्यांनाविश्वविद्यालयाच्या सद्यस्थितीची माहिती दिली. महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे भाषिक आंतरविद्याशाखीय वैशिष्ट्य आणि महत्त्व अधोरेखित करताना ते म्हणाले की राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरणाच्या अनुषंगाने हिंदी भाषा आणि साहित्य तसेच भारतीय भाषांच्या विकासात हिंदी विश्वविद्यालय महत्त्वपूर्ण भूमिका बजावत आहे.

केंद्रीय शिक्षण मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान यांनी विश्वविद्यालयाच्या भाषिकदृष्ट्या सर्वसमावेशक दृष्टीकोनाची प्रशंसा केली आणि विश्वविद्यालयाला योग्य सहकार्य करण्याचे आश्वासन दिले. विश्वविद्यालयाला विकासाच्या मार्गावर पुढे नेण्याच्या उद्देशाने कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांनी शिक्षण मंत्रालयाचे अतिरिक्त सचिव श्री सुनील कुमार वर्णवाल आणि विद्यापीठ अनुदान आयोगाचे सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी यांचीही भेट घेतली व विश्वविद्यालयाच्या सद्यस्थितीची माहिती देऊन विश्वविद्यालयासाठी लवकरात लवकर नियमित स्थायी कुलगुरू नियुक्त करण्याची विनंती केली.

कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांनी शिक्षण मंत्री अतिरिक्त सचिव आणि सचिव, यूजीसी यांना भेटून या संधीचा उपयोग केला आणि विश्वविद्यालयाच्या विविध प्रकल्पांसाठी अतिरिक्त आर्थिक सहाय्य (निधी) मागितले जेणेकरून विश्वविद्यालय आपल्या योजना प्रभावीपणे राबवू शकेल आणि हिंदी शिक्षण, संशोधन अधिक सक्षक्त करू शकेल.

शिक्षण मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान यांनी विश्वविद्यालयाचे प्रस्ताव व सूचना गांभीर्याने ऐकून घेतल्या व त्यांना सकारात्मक पाठबळ देण्याचे आश्वासन दिले. महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयासाठी ही बैठक महत्त्वाचा टप्पा ठरणार आहे. यामुळे हिंदी शिक्षण आणि संशोधन क्षेत्रात नवी उन्नती आणि समृद्धी येईल, अशी आशा व्यक्त केली जात आहे.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305